राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–6) विभाग

क्रमांक प0 9(1)सा.प्र.वि./6/2023 जयपुर, दिनांक : 14.03.2024

–: अधिसूचना :–

राजस्थान के राज्यपाल महोदय, उन समस्त शक्तियों का जो उन्हें इस निमित्त सक्षम बनाती है, का प्रयोग करते हुए इस विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक प. 3(3)साप्र/6/2008 पार्ट जयपुर, दिनांक 16.10.2019 को निरस्त करते हुए राजस्थान राज्य में वर्ष 1975–77 के दौरान मीसा/डी.आई.आर./सी.आर.पी.सी. की धारा 107, 116 एवं 151 के अन्तर्गत निरूद्ध रहे राज्य के मूल निवासियों को पेंशन, चिकित्सा सहायता एवं अन्य सहायता देने हेतु राजस्थान लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि नियम, 2008 (यथा संशोधित) को दिनांक 01.02.2024 से एतद् द्वारा प्रभावी किया जाता है।

राजस्थान लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि नियम, 2008 (यथा संशोधित) के अन्तर्गत पेंशन राशि रू. 20,000/– एवं चिकित्सा सहायता के रूप में राशि रू. 4000/– प्रतिमाह दिनांक 01.02.2024 (February 2024 Paid in March 2024) से दी जायेगी। यह बजट मद 2235–60–800–(03)–{01}–24 (राज्यनिधि) से प्रभार्य होगा।

यह अधिसूचना वित्त (व्यय–2) विभाग द्वारा उनकी आई.डी. संख्या 102400292 दिनांक 14.03.2024 से प्रदत्त सहमति के आधार पर जारी की जा रही है।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(सुधीर कुमार शर्मा)
शासन सचिव

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. सचिव, राज्यपाल महोदय, राजस्थान।
2. अति. मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान, जयपुर।
3. संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान, जयपुर।
4. संयुक्त सचिव (जेएस), मुख्यमंत्री, राजस्थान, जयपुर।
5. विशिष्ट सहायक/निजी सचिव, समस्त उपमुख्यमंत्री/मंत्री/राज्यमंत्रीगण, राजस्थान, जयपुर।
6. निजी सचिव, समस्त अति. मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव।
7. महालेखाकार, राजस्थान, जयपुर।
8. समस्त संभागीय आयुक्त, राजस्थान।
9. समस्त जिला कलक्टर, राजस्थान।
10. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (व्यय–2) विभाग।
11. निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, राजस्थान, जयपुर।
12. मुख्य लेखाधिकारी, सामान्य प्रशासन (ग्रुप–4) विभाग।
13. समस्त कोषाधिकारी, राजस्थान।
14. अधीक्षक, केन्द्रीय राज्य मुद्रणालय, जयपुर को आज ही राजपत्र में प्रकाशन हेतु।
15. रक्षित पत्रावली।

//
संयुक्त शासन सचिव

Room No. 1123, Main Building, Secretariat, Jaipur, Rajasthan,India-302005
Phone Number-0141 2227874 (JS GAD) & IP Number-0141 2925246 (AS) / 0141 2925250 (SO)
Email Address jsgad@rajasthan.gov.in & asgad6@rajasthan.gov.in
Official Website: www.gad.rajasthan.gov.in